10

न्यायालय जिला कलक्टर, झुंझुनू

पीठासीन अधिकारी :– यू0डी0 खान
आई.ए.एस.

प्रथम अपील संख्या 109/2021

इमरान खत्री मार्फत मनीर खान, वार्ड नं0 8, अलसीसर, तहसील मलसीसर, जिला झुंझुनूं।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर) झुंझुनूं।

– –

सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील

आदेश

दिनांक 15.07.2021

1. पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी (अपीलार्थी) द्वारा यह प्रथम अपील प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत दिनांक 29.06.2021 को प्राप्त होने पर प्रथम अपील मिसल नम्बर 109/2021 पर दिनांक 29.04.2021 को दर्ज की गई। अपीलार्थी द्वारा उक्त अपील लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर) झुंझुनूं के विरूद्व पेश की गई है।
2. अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर) झुंझुनूं को प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में वर्णित सूचना चाही गई।
3. लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर) झुंझुनूं से इस कार्यालय के पत्रांक पाठक/2021/1789–90 दिनांक 30.06.2021 द्वारा तथ्यात्मक टिप्पणी चाही गयी थी।
4. लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर) झुंझुनूं ने पत्रांक एफ16(4)(5)न्याय न्याय/सू0अ0/21/1494 दिनांक 09.07.2021 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी इमरान खान पुत्र मनीर खान, निवासी वार्ड नं0 8 अलसीसर तहसील मलसीसर जिला झुंझुनूं का आवेदन आर0टी0आई0 पोर्टल पर दिनांक 17.06.2021 को प्राप्त हुआ। अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना का संबंध जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक झुंझुनूं से होने के कारण इस कार्यालय के पत्रांक एफ16(4)(5)न्याय/सू0अ0/09/204 दिनांक 28.06.2021 के द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक झुंझुनूं को नियमानुसार सूचना उपलब्ध करवाये जाने हेतु पत्र भिजवाया गया है। जिसके संबंध मे इस कार्यालय के पत्र कमांक 221 दिनांक 06.07.2011 के द्वारा अपीलार्थी को सूचित किया जा चुका है। अतः अपीलार्थी का प्रथम अपील का प्रार्थना पत्र खारीज किये जाने की कृपा करे।
5. अपीलार्थी सुनवाई हेतु उपस्थित नही।
6. लो0सू0अ0 (अतिरिक्त जिला कलक्टर) झुंझुनूं द्वारा उनके कार्यालय के पत्रांक एफ16(4)(5)न्याय/सू0अ0/21/1494 दिनांक 09.07.2021 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी इमरान खान पुत्र मनीर खान, निवासी वार्ड नं0 8 अलसीसर तहसील मलसीसर जिला झुंझुनूं का आवेदन आर0टी0आई0 पोर्टल पर दिनांक 17.06.2021 को प्राप्त हुआ। अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना का संबंध जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक झुंझुनूं से होने के कारण उनके कार्यालय के पत्रांक एफ16(4)(5)न्याय/सू0अ0/09/204 दिनांक 28.06.2021 के द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक झुंझुनूं को नियमानुसार सूचना उपलब्ध करवाये जाने हेतु पत्र भिजवाया गया है जिसके संबंध मे उनके कार्यालय के पत्र कमांक 221 दिनांक 06.07.2011 के द्वारा अपीलार्थी को सूचित किया जा चुका है। चूंकि अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध नही हुई है। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा, झुंझुनूं को आदेश दिये जाते है कि अपीलार्थी को 7 दिवस मे निःशुल्क सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।
7. अपीलार्थी को यह भी सूचित किया जाता है कि आप इसकी द्वितीय अपील माननीय राज्य सूचना आयोग जयपुर के यहां निर्धारित समयावधि में कर सकते है।

आदेश आज दिनांक 15.07.2021 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

Signature Not Verified

Digitally signed by Umar Deen Khan
Date: 2021.08.18 10:47:58 IST
Reason: SelfAttested

(यू0डी0 खान)
जिला कलक्टर, झुंझुनूं

जिला कलक्टर झुंझुनूं